# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (28.09.2024)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 24.09.2024, PAGE-08

# बीएड प्रवेश परीक्षा में उड़नदस्ता टीम केंद्रों का करेगी दौरा

**29 सितंबर को 13 केंद्रों पर होगी प्रवेश परीक्षा**

- परीक्षा को लेकर केंद्राधीक्षकों की बैठक

मुजफ्फरपुर, प्रसं। चार वर्षीय बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर शुक्रवार को बीआरएबीयू के सीनेट हॉल में केंद्राधीक्षकों की बैठक राज्य नोडल अधिकारी प्रो. विनय शंकर राय ने की।

बैठक में बिहार विवि के यूएमआईएस समन्वयक प्रो. टीके डे ने उपस्थित पदधारकों को परीक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 29 सितंबर को परीक्षा हेतु कुल 13 केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही, उड़नदस्ता टीम का भी गठन किया गया है। उड़नदस्ता टीम परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों का नियमित निरीक्षण करेगी तथा कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने में योगदान देगी। नोडल पदाधिकारी प्रो. बीएस राय ने बताया कि कदाचारमुक्त परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय की तैयारी हो चुकी है। उन्होंने प्रथम बार इस परीक्षा की जिम्मेवारी विश्वविद्यालय को मिलने पर हर्ष जाहिर करते हुए सभी से आग्रह किया कि कदाचारमुक्त परीक्षा में अपना योगदान सुनिश्चित करें ताकि विवि का मान बढ़े। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विवि कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने हिदायत दी कि किसी भी सूरत में परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे बाद प्रवेश नहीं दिया जाए। किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ परीक्षार्थी शामिल नहीं होंगे।

### PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:28.09.2024, PAGE-04

# परीक्षा से 30 मिनट पूर्व बंद हो जाएगा द्वार

**इंटीग्रेटेड बीएड**



विश्वविद्यालय सीनेट हॉल में बीएड परीक्षा को लेकर हुई बैठक में मौजूद शिक्षक.



विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में बीएड परीक्षा को लेकर हुई बैठक में मौजूद शिक्षक.

[illegible]

**प्रवेश पत्र पर फोटो न हो तो साथ लेकर आएं छात्र**

[illegible]

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 28.09.2024, PAGE-04**

## छात्रावासों में अवैध रूप से रहने वालों से लेंगे जुर्माना

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू प्रशासन पीजी महिला-पुरुष छात्रावासों में बिना आवंटन के रहने वालों के खिलाफ शिकंजा कसेगा. अवैध तरीके से कमरों में रहने और ताला बंद कर फरार हो रहे स्टूडेंट्स पर जुर्माना लगाया जाएगा. जरूरत पड़ी तो वीडियोग्राफी करा कमरे का ताला भी तोड़ा जाएगा.

विवि ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है. आज कुलपति प्रो डीसी राय की अध्यक्षता में होने वाली छात्रावास कल्याण समिति की बैठक में इसपर निर्णय लिया जाएगा. छात्रावास के आवंटन से लेकर रिन्यूअल तक के लिए नियम को सख्ती से लागू किया जाएगा.

इधर, महिला छात्रावास संख्या दो को अब तक विवि प्रशासन को हैंडओवर नहीं किया गया है. इस कारण छात्राओं को बाहर किराया का कमरा लेकर रहना पड़ रहा है. ऐसे में इस मुद्दे को भी बैठक में रखा जाएगा.

छात्रावासों में सुरक्षा को लेकर गार्ड व कर्मियों को रखने, उनकी कार्यावधि का निर्धारण, नियमित साफ-सफाई व सुविधाएं मुहैया कराने के बिंदु पर भी चर्चा की जाएगी. बीते दिनों गंदगी के कारण छात्रावास में एक छात्रा को सांप ने डंस लिया था. ऐसे में परिसर की सफाई को लेकर छात्राएं लगातार मांग कर रही हैं. लंबे समय बाद हो रही छात्रावास कल्याण समिति की बैठक में इन मुद्दों को प्रमुखता से रखा जायेगा. छात्रावास के शुल्क में बढ़ोतरी का भी प्रस्ताव है.

### खास बातें

- छात्रावास शुल्क में बढ़ोतरी समेत अन्य मुद्दों को लेकर छात्रावास कल्याण समिति की बैठक आज
- महिला छात्रावास संख्या दो निर्माण के बाद से विवि प्रशासन को नहीं किया गया हैंडओवर

### छात्राओं के फिटनेस को लेकर बनायी जायेगी ओपेन जिम

विवि के महिला छात्रावास परिसर में ओपेन जिम लगाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है. छात्राओं की फिटनेस को लेकर यह योजना बनायी गयी है. खेलकूद की गतिविधियां भी होंगी. इसको लेकर बैठक में निर्णय लिया जायेगा. बैठक में कुलपति के साथ ही विवि के सभी संकायों के अध्यक्ष, दो कॉलेज के प्राचार्य, डीएसडब्ल्यू समेत अन्य पदाधिकारी भी शामिल होंगे. बता दें कि बीआरएबीयू में वर्तमान में तीन महिला व तीन पुरुष छात्रावास संचालित हो रहे हैं.

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 28.09.2024, PAGE-04**

## विश्वविद्यालय के पीजी महिला छात्रावास में ओपन जिम जल्द

**कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में होने वाली छात्रावास कल्याण समिति की बैठक में लिया जा सकता निर्णय**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी महिला छात्रावासों में अब ओपन जिम लगाए जाएंगे। इसकी मदद से छात्राएं अपने फिटनेस को बेहतर कर पाएंगी। लंबे समय से छात्राओं की ओर से स्पोर्ट्स और फिटनेस की व्यवस्था के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन से गुहार लगाई जा रही थी। अब विश्वविद्यालय की ओर से इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है। एलएस कालेज, आरडीएस समेत अन्य कालेजों की तर्ज पर ओपन जिम की व्यवस्था होगी। शनिवार को कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में छात्रावास कल्याण समिति की बैठक होगी। इसमें विभिन्न मुद्दों पर फैसला लिया जाएगा। विश्वविद्यालय के पीजी छात्रावासों में शुल्क बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। करीब 30 वर्षों से विश्वविद्यालय में छात्रावास शुल्क नहीं बढ़े हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से शुल्क बढ़ोतरी पर विचार किया जा रहा है। शुल्क में होने वाली वृद्धि पर कुलपति, सभी संकायाध्यक्ष से लेकर आमंत्रित कालेजों के प्राचार्य निर्णय लेंगे। पीजी छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को एक वर्ष के लिए 1550 रुपये देने पड़ते हैं। फिलहाल विश्वविद्यालय में तीन पुरुष छात्रावास और तीन महिला छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है।



**अवैध रूप से रहने वालों पर लगेगा जुर्माना :** छात्रावासों में अवैध रूप से रहने वाले छात्र-छात्राओं पर जुर्माना लगाए जाने की तैयारी है। इसकी सूची विश्वविद्यालय की ओर से तैयार की गई है। साथ ही आवंटन से लेकर रीन्यूअल के तरीकों को भी पारदर्शी बनाया जाएगा। पीजी महिला छात्रावास संख्या दो के हैंडओवर पर भी बात होगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी अब तक इसे विश्वविद्यालय को हैंडओवर नहीं किया जा सका है। इस कारण छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा कि निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। ठेकेदार का कहना है कि करीब नौ लाख रुपये का कार्य होने के बाद ही इसे हैंडओवर करने लायक होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 28.09.2024, PAGE-04**

## अंकपत्र पर विषय के साथ पेपर का भी रहेगा कोड

विश्वविद्यालय की ओर से अंकपत्र की **एकरूपता और स्पष्टता** के लिए तैयार किया जा रहा प्रस्ताव

- चार वर्षीय स्नातक कोर्स में सत्र 2023-27 से किया जाएगा लागू
- मूल्यांकन से पहले ही नए अंकपत्र का फार्मेट तैयार करने की कवायद
- कुलपति की मंजूरी मिलने के बाद पीजी में भी किया जा सकता लागू



### परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे बाद नहीं मिलेगा प्रवेश

चार वर्षीय बीएड



**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 28.09.2024, PAGE-07**

## बीआरएबीयू में सीईटी-आईएनटी बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए दिए दिशा-निर्देश

**कार्यक्रम :** सीनेट हॉल में नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई ब्रीफिंग

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर



बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए आयोजित ब्रीफिंग में शामिल पदाधिकारी।

बीआरएबीयू स्थित केंद्रीय पुस्तकालय भवन के सीनेट हॉल में सीईटी-आईएनटी बीएड प्रवेश परीक्षा-2024 को सुगम रूप से संचालित करने हेतु नोडल पदाधिकारी प्रो.डॉ. बीएस राय की अध्यक्षता में ब्रीफिंग किया गया। यह ब्रीफिंग मुख्य रूप से सभी केंद्रों के केंद्राधीक्षकों, सहायक केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों, उड़न-दस्ता टीम के सदस्यों के लिए आयोजित की गई थी। यूएमआईएस के समन्वयक प्रो. टीके डे ने परीक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि कुल परीक्षा हेतु कुल 13 केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही, उड़न-दस्ता टीम का भी गठन किया गया है। उड़न-दस्ता टीम परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों का नियमित निरीक्षण करेंगी तथा कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने में योगदान देंगी। नोडल पदाधिकारी प्रो. बीएस राय ने बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय की तैयारी हो चुकी है। प्रथम बार इस परीक्षा की जिम्मेवारी विश्वविद्यालय को मिलने पर हर्ष जाहिर करते हुए सभी से आग्रह किया कि कदाचार मुक्त परीक्षा में अपना योगदान सुनिश्चित करें, ताकि विश्वविद्यालय का मान बढ़े। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विश्वविद्यालय कंट्रोल रूम से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट हिदायत दिया कि किसी भी सूरत में परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटे के पश्चात प्रवेश नहीं दी जाए। साथ ही परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ परीक्षार्थी परीक्षा शामिल नहीं होंगे। सभी गतिविधियों की वीडियो रिकॉर्डिंग करवायी जाएगी। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र के साथ एक आईडी प्रूफ अपने साथ परीक्षा हॉल में लेकर प्रवेश कर सकते हैं। जिन परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र पर फोटो अंकित नहीं है, वे अपने साथ एक फोटो अवश्य लेकर आएं तथा केंद्राधीक्षक से मिलकर फोटो अवश्य सत्यापित करवा लें। उन्होंने कहा कि कुलपति को हम सभी से अपेक्षा है कि यह प्रवेश परीक्षा कदाचार मुक्त एवं नियमानुकूल संपन्न हो। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमर बहादुर शुक्ला ने किया।